है। यह परियोजना Lump Sum Turn Key आधार पर क्रियान्वित की जाएगी। इस परियोजना के स्थापना का वित्तीय व्यय कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।

सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग से हम अपने दैनिक कार्यों में गति ला रहे हैं। वेकोलि में ERP के माध्यम से सभी विभागों की आवश्यक व सटीक जानकारी एक प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। E-Office के नए version - 7.3 के सफल प्रयोग से कार्य की गतिशीलता बढ़ी है।

बेहतर कार्य निष्पादन के लिए कर्मियों का समुचित प्रशिक्षण आवश्यक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह जुलाई तक हमारे प्रशिक्षण केन्द्रों में कुल 7109 प्रतिभागियों को विभिन्न स्कलि-सेट में प्रशिक्षित किया गया। हमारे सुरक्षा कर्मी हर परिस्थिति के लिए तैयार रहे, इस दृष्टि से वर्ष 2023-24 से बेसिक सुरक्षा प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण को कोयला सचिव, भारत सरकार द्वारा न केवल सराहा गया है बल्कि उन्होंने इस पाठ्यक्रम को कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में अपनाने हेतु दिशा निर्देश भी दिए है। आपदा के समय किए जाने वाले राहत कार्यों के प्रशिक्षण हेतु, हाल ही में हमने सिविल डीफेंस, मुंबई के साथ अनुबंध किया है।

CSR कार्यों के माध्यम से जन सामान्य तक लाभ पहुँचाने का हमारा प्रयास होता है। CSR के मद में Project TARASH, Project SUSHRUTA, Project PRAGATI जैसी जन-हितकारी परियोजनाओं का क्रियान्वयन सुचारु रूप से किया जा रहा है। हाल ही में Project TARASH का 40 विद्यार्थियों का द्वितीय बैच प्रारंभ हुआ है। Project SUSHRUTA के अंतर्गत 15 से 35 वर्ष आयु के नागरिकों की Sickle Cell एवं Thalassemia के लिए स्क्रीनिंग कर उचित परामर्श दिया जा रहा है। Project PRAGATI के अंतर्गत 545 ग्रामीण युवाओं को CIPET, ATDC एवं FDDI में रोजगारोन्मुख कौशल विकसित करने हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। ऐसी कई परियोजनाएँ क्रियान्वित की जा रही हैं। इनके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।

कंपनी के दीर्घकालिक उन्नति के लिए श्रम-शक्ति का योग्य समायोजन आवश्यक है। इस दृष्टि से, वित्तीय वर्ष 2024-25 में हमने विभागीय चयन के माध्यम से 366 कर्मियों का विभिन्न पदों पर चयन किया। इस दौरान ही, भूमि की एवज में हमने कुल 216 भू-विस्थापितों को रोजगार के माध्यम से वेकोलि के साथ जोड़ा है।

ऐसी कई पहल की गई है। कई सकारात्मक काम हुए हैं, जिसका समावेश एक संवाद में कर पाना संभव नहीं। मुझे विश्वास है कि इन सभी कार्यों का प्रभाव लक्ष्य प्राप्ति में निश्चित तौर पर दिखेगा और हम अपने इस साल के कोयला उत्पादन, कोयला प्रेषण और ओबी निष्कासन के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे।

मैं, सभी खनिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिक संघ के पदाधिकारी गण, कंपनी के निदेशक गण, CVO और अन्य अंशधारक, जो वेकोलि को सफलता के शिखर पर ले जाने में अपना योगदान दे रहे हैं, सभी को धन्यवाद देता हूँ। एक बार फिर सभी को सपरिवार स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिन्द !

**(जे.पी. द्विवेदी)**
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

नागपुर
15 अगस्त, 2024

# स्वतंत्रता दिवस पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
## श्री जे. पी. द्विवेदी

## का

# संदेश

## 15 अगस्त, 2024

## वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
## नागपुर



## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

मेरे साथी निदेशकगण, CVO WCL, संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सदस्यगण, समस्त विभागाध्यक्ष एवं Team WCL के सभी साथी, आदरणीय महिलाएं, सज्जनवृंद और प्यारे बच्चों !

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। आज आज़ादी के इस पवित्र उत्सव में हम निश्चित ही उनको स्मरण करें जिनके त्याग और बलिदान से यह भारत आज़ाद हुआ, जिनकी बदौलत इस देश में एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम हुई।

15 अगस्त 1947 को हमारे देश को अंग्रजी हुकूमत से आज़ादी मिली, इसके साथ ही कई बड़ी जिम्मेदारियां भी मिली, जैसे कि कमज़ोर अर्थव्यवस्था को दुरुस्त करने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसी बुनियादी जरूरतों को पूर्ण करने के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना का विकास करने की। आज यह लहराता तिरंगा इस बात की गवाही दे रहा है कि हम विकास की सफल राह पर निरंतर आगे की ओर अग्रसर है। वह दिन दूर नहीं जब भारत पांच ट्रिलियन डॉलर इकॉनोमी के साथ विश्व के शीर्ष देशों की पंक्ति में खड़ा होगा।

इन 77 वर्षों में एक महान राष्ट्र के तौर पर हमने सभी क्षेत्रों में उपलब्धियाँ हासिल की हैं। कृषि, विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य, खनन, सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में हमारी प्रगति उल्लेखनीय रही है। देश की आजादी से जो तरक्की का सफ़र शुरू हुआ, आज भी जारी है। विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य है और हम हर पल इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। गर्व की बात है कि इस विजय यात्रा में वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड की सार्थक भूमिका रही है।

देश की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए वेकोलि सदैव तत्पर है। मुझे आपसे साझा करते हुए हर्ष हो रहा है कि इस वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन के अब तक के आंकड़े, स्थापना से अब तक के किसी भी वित्तीय वर्ष में इस अवधि के लिए, सर्वाधिक है। हमने दिनांक 31.07.2024 तक कुल 20.88 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है, जो कि गत वर्ष से 11% अधिक है। वेकोलि ने इसी अवधि में 22.50 मिलियन टन कोयला प्रेषण एवं 111.55 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन निष्कासन किया है। इन उपलब्धियों के क्रम को जारी रखने के लिए आवश्यक है कि अब यहाँ से हमारा संकल्प दृढ़ और परिश्रम अविराम होना चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि हम अपने कोयला उत्पादन एवं प्रेषण के 69 मिलियन टन और ओवरबर्डन निष्कासन के 390 मिलियन क्यूबिक मीटर के लक्ष्य को निश्चित ही हासिल करेंगे।

कोयला उत्पादन के साथ ही हमें सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखना है। कंपनी स्तर पर हम सेफ्टी ऑडिट, समुचित प्रशिक्षण, इमरजेंसी मॉक ड्रिल आदि से खनन कार्य में सुरक्षा को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे है। Integrated Command & Control Centre एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी, जैसे नवीनतम प्रयोग से सुरक्षा और दक्षता बढ़ी है। हाल ही में कोलकाता में आयोजित 'National Mine Safety Award 2024' में वेकोलि की 4 खदानों को 'सुरक्षा पुरस्कार' से नवाज़ा गया, जो अन्य किसी भी कोयला कंपनी को मिले पुरस्कारों से अधिक है।

मुझे आपसे साझा करते हुए हर्ष हो रहा है कि वेकोलि की 3 खदानों को 5 स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। इनमें छत्तरपुर - 1, मकरधोकड़ा - 1 एवं मकरधोकड़ा (दिनेश) - 3 का समावेश है। साथ ही, हमारी 25 खदानों को 4 स्टार रेटिंग एवं 21 खदानों को 3 स्टार रेटिंग प्राप्त हुई हैं। यह सुरक्षा के दिशा में लिए गए सकारात्मक प्रयासों का ही प्रतिफल है।

सुरक्षा एवं उत्पादकता की वृद्धि के लिए समयानुसार तकनीकी उन्नयन आवश्यक है। ब्लास्ट फ्री खनन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, वर्तमान में, वेकोलि में 06 सरफेस माइनर एवं 03 कन्टिन्यूअस माइनर कार्यरत है। जल्द ही 4 और सरफेस माइनर तथा योजनाबद्ध अंतराल में 22 कन्टिन्यूअस माइनर लगाया जाना प्रस्तावित है।

पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने तथा कोयला प्रेषण की प्रक्रिया में गति लाने की दृष्टि से उमरेड क्षेत्र के मकरधोकड़ा - III एवं वणी क्षेत्र की मुंगोली खदान में फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट का कार्य प्रगति पर है। बल्लारपुर क्षेत्र की सास्ती खदान में भी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं से कार्य में दक्षता बढ़ेगी।

भविष्य का सुनियोजन किसी भी कंपनी के दीर्घकालिक प्रगति के लिए आवश्यक है। मुझे आपसे साझा करते हुए संतोष है कि इस वित्तीय वर्ष में हमने 8.625 मिलियन टन क्षमता की 2 परियोजनाएँ, मुंगोली निर्गुडा एक्सटेंशन एवं कोलारपिंपरी एक्सपांशन, स्वीकृत की है। इन योजनाओं पर कुल 2012.26 करोड़ की लागत अनुमानित है।

कोयला खनन में हमेशा भूमि की आवश्यकता होती है। परिणामतः भूमि अधिग्रहण कंपनी के लक्ष्य-पूर्ति के लिए आवश्यक है। इस वित्तीय वर्ष में हमने कुल 315 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत की एवं 517.71 हेक्टेयर भूमि का पजेशन हासिल किया।

पर्यावरण संरक्षण वेकोलि की प्राथमिकता रही है। स्थाई विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए, वर्ष 2023-24 में हमने 209.77 हेक्टेयर भूमि पर पांच लाख चार हजार चार सौ बीस (5,04,420) पौधों का रोपण किया है। कोयला मंत्रालय द्वारा, हाल ही में प्रारंभ 'वृक्षारोपण अभियान 2024' में वेकोलि का महत्वपूर्ण सहभाग रहा। इसके अंतर्गत वेकोलि द्वारा 72,995 पौधों का रोपण एवं 14,990 पौधों का वितरण किया गया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वेकोलि के प्रयासों को हर स्तर पर सराहा जा रहा है। गत 9 जुलाई, 2024 को इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) - नागपुर चैप्टर द्वारा वेकोलि को 'पर्यावरण साथी अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया। कुछ दिन पूर्व ही वेकोलि ने महाराष्ट्र बांस (bamboo) विकास मंडल, महाराष्ट्र सरकार के साथ एमओयू किया है। इसके तहत उमरेर क्षेत्र के मकरधोकड़ा-III ओसी खदान की 30.635 हेक्टेयर भूमि पर बांस का रोपण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हमारे इस प्रयास से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बांस की बिक्री से लगभग 10.90 करोड़ रुपये का लाभ भी अर्जित होगा।

हमारा प्रयास है कि वर्ष 2025-26 तक वेकोलि NET ZERO कंपनी बने। इस दिशा में हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2025-26 तक 339 MW क्षमता का सौर उर्जा सयंत्र स्थापित करें। इसके लिए 605 हेक्टेयर जगह चिह्नित की गई है। जमुनिया भूमिगत खदान में 15 MW का सोलर पॉवर प्लांट के इंस्टॉलेशन का कार्य प्रगति पर है। अतिरिक्त 105 MW क्षमता के लिए टेंडर की प्रक्रिया जारी है।

बिज़नस डायवर्सिफिकेशन के तहत, कोल गैसीफिकेशन की दिशा में भी हम आगे बढ़ रहे हैं। कोल गैसीफिकेशन का उपयोग करके सिनगैस (एसएनजी) बनाने की योजना माजरी क्षेत्र के जूना कुनाडा में प्रस्तावित